# 109343 - यदि उसे तवाफ़ में संदेह हो जाए, तो क्या उसे सह्व (विस्मृति) के लिए सजदा करना चाहिए ?

## प्रश्न

यदि किसी व्यक्ति को तवाफ़ के बारे में संदेह हो जाए, तो क्या उसे भूलने के लिए सजदा करना चाहिए, यह देखते हुए कि काबा का तवाफ़ करना नमाज़ का एक रूप है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“वह यह सजदा नहीं करेगा ; क्योंकि वह तवाफ़ में सजदा के द्वारा इबादत नहीं करता है। (यानी सजदा करना तवाफ़ का हिस्सा नहीं है)। अतः जब मूल इबादत में सजदा है ही नहीं, तो उसमें संदेह की स्थिति में सजदा कैसे किया जाएगा ?! सजदा करके उसकी कमी कैसे पूरी की जाएगी जबकि उसमें मूल रूप से सजदा है ही नहीं? !” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फतावा इब्न उसैमीन” (22/347)।